फर्द अहकाम
(नियम 26)
न्यायालय उपखण्ड अधिकारी श्रीमाधोपुर (सीकर)
तेजाराम पुत्र चन्द्रा, नि0 भारणी बनाम तहसीलदार श्रीमाधोपुर
किस्म मुकदमा:-प्रार्थना पत्र अधारा 136 एलआरएक्ट मुकदमा नम्बर:-47/2025

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय लघु हस्ताक्षर	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुये
27-06-2025	प्रार्थी तेजाराम पुत्र चन्द्रा जाति जाट निवासी भारणी तहसील श्रीमाधोपुर ने उपस्थित होकर जमाबन्दी में नाम संशोधन करने बाबत एक प्रार्थना पत्र तहसीलदार श्रीमाधोपुर को प्रार्थना पत्र पेश किये जाने पर प्रार्थना पत्र पर सम्बन्धित पटवारी हल्का महरोली से जॉच रिपोर्ट ली गई। पटवारी हल्का महरोली की जॉच रिपोर्ट के आधार पर तहसीलदार श्रीमाधोपुर ने जरिये पत्रांक 1448/भू.अ./2025 दिनांक 15.05.2025 के द्वारा जॉच रिपोर्ट अपनी अभिशषा रिपोर्ट के साथ इस न्यायालय को भिजवाई गई है। तहसीलदार श्रीमाधोपुर से जॉच रिपोर्ट प्राप्त होने पर प्रकरण को अन्तर्गत धारा-136 राज0 भू राजस्व अधिनियम 1956 के तहत दर्ज रजिस्टर किया गया। तहसीलदार श्रीमाधोपुर द्वारा प्राप्त जॉच रिपोर्ट व संलग्न दस्तावेजात् का अवलोकन किया गया। तहसीलदार श्रीमाधोपुर ने अपनी जॉच रिपोर्ट में अवगत कराया है कि ग्राम छिलाबाली के भूमि खाता संख्या 7 में प्रार्थी का नाम तेजपाल पुत्र चन्द्रा जाति जाट निवासी भारणी दर्ज राजस्व रिकार्ड है जो गलत दर्ज है जबकि भूमि खाता संख्या 8 में प्रार्थी का सही नाम तेजाराम पुत्र चन्द्रा जाति जाट निवासी भारणी दर्ज राजस्व रिकार्ड है। पत्रावली पर उपलब्ध दस्तावेजात परिवार राशन कार्ड, आधार कार्ड मे भी प्रार्थी का सही नाम तेजाराम पुत्र चन्द्रा जाति जाट निवासी भारणी दर्ज रिकार्ड है। जमाबन्दी में दर्ज प्रार्थी का नाम तेजपाल पुत्र चन्द्रा जाति जाट निवासी भारणी के स्थान पर तेजाराम पुत्र चन्द्रा जाति जाट निवासी भारणी दुरूस्त किये जाने बावत अपनी रिपोर्ट में अंकित किया है। हमने प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र, रिपोर्ट पटवारी हल्का महरोली व तहसीलदार श्रीमाधोपुर से प्राप्त जॉच रिपोर्ट व संलग्न दस्तावेजात इत्यादि का अवलोकन किया गया। जिनके अवलोकन से स्पष्ट होता है कि ग्राम भारणी के भूमि खाता संख्या 7 मे खातेदार का नाम तेजपाल पुत्र चन्द्रा जाति जाट निवासी भारणी गलत इन्द्राज है तथा भूमि खाता संख्या 8 में खातेदार का नाम	

उपखण्ड अधिकारी
श्रीमाधोपुर (सीकर)

Signature Not Verified
Digitally signed by Anil Kumar
Date: 2025.08.27 13:00:45 IST
Reason: SelfAttested

तेजाराम बनाम सरकार श्रीमाधोपुर

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय लघु हस्ताक्षर जज
	प्र० पत्र /136CR

तेजाराम पुत्र चन्दा जाति जाट निवासी भारणी सही इन्द्राज है। प्रार्थी के आधार कार्ड व परिवार राशन कार्ड में भी प्रार्थी का सही नाम तेजाराम पुत्र चन्दा जाति जाट निवासी भारणी अंकित होना प्रकट होता है।

तहसीलदार श्रीमाधोपुर द्वारा प्राप्त जॉच रिपोर्ट के आधार पर न्यायालय के विवेकाधीन शक्तियों का प्रयोग करते हुए प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र बाबत जमाबन्दी में नाम संशोधन करने बाबत अन्तर्गत धारा 136 राजस्थान भू राजस्व अधिनियम 1956 का न्यायहित में स्वीकार किये जाने योग्य पाये जाने पर स्वीकार किया जाता है तथा ग्राम छिलावाली पटवार हल्का महरोली तहसील श्रीमाधोपुर के भूमि खाता संख्या 7 खसरा नम्बर 1100, 1231 कुल किता 2 कुल रकबा 4.74 हैक्टर की खातेदारी में दर्ज प्रार्थी का नाम तेजपाल पुत्र चन्द्रा जाति जाट निवासी भारणी के स्थान पर तेजाराम पुत्र चन्द्रा जाति जाट निवासी भारणी दुरूस्त किये जाने की स्वीकृति दी जाती है। इस बाबत तहसीलदार श्रीमाधोपुर को तहरीर आदेश जारी हो। पत्रावली फैसल शुमार होकर बाद तकमील दाखिल दफ्तर हो।

2342/रीडर
02-07-25

(अनिल कुमार)
उपखण्ड अधिकारी
श्रीमाधोपुर (सीकर)

Signature Not Verified

Digitally signed by Anil Kumar
Date: 2025.08.27 13:00:45 IST
Reason: SelfAttested